लंबी उड़ान बिटिया की

अपने अधकच्चे पांव से
लुढ़कती गेंद के पीछे चहलकदमी
करती नन्हीं बिटिया
मुझे बहुत अच्छी लगती है

भागते रंग-बिरंगे चाबी वाले खिलौने
उसकी सौम्य मुस्कराहट में
उपयोगी चीज हैं
फिर जिद्द और नटखटपन
मुझे बहुत अच्छा लगता है

उसके मज़बूत पांव के लिए
उसकी सुहावनी ज़िंदगी के लिए
देखता हूं उसके उज्जवल भविष्य का सपना
संघर्ष करता हूं
अपनी ज़िंदगी से बेहतर
उसकी ज़िंदगी के लिए

अपने नन्हे कमज़ोर दांतों से
कलम तोड़ती मेरी बिटिया
मुझे अच्छी लगती है

मैं उसकी आंखों में
देखता हूं
अपने बचपन की तस्वीर
और देखता हूं
किरण बेदी, कविता चौधरी
या झांसी की रानी
की शक्ल में
मेरी बिटिया की तस्वीर

बेटी की लंबी ज़िंदगी
की
लंबी उड़ान के लिए

इंगित गुप्ता